(Pages : 4)

**1018**

Sl. No. 339829

# S.S.L.C. EXAMINATION, MARCH - 2014
# THIRD LANGUAGE
# HINDI

**Time : 1½ Hours]** **[Total Score : 40**

**निर्देश :**

- सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें।
- पंद्रह मिनट का कूल ऑफ़ टाइम दिया जाएगा।
- यह प्रश्न पत्र का वाचन करने तथा उत्तर लिखने की पूर्व तैयारी के लिए है।
- दो प्रश्नों में विकल्प हैं।

[SCORE]

*Q1)* तालिका की पूर्ति करके लिखें। [2]

| पाठ | प्रोक्ति | लेखक |
|---|---|---|
| सकुबाई | नाटक | |
| बाबूलाल तेली की नाक | | स्वयंप्रकाश |
| | कविता | भगवत रावत |
| वापसी | कहानी | |

*Q2)* अंग्रेज़ी शब्दों के स्थान पर समानार्थी हिंदी शब्द रखकर खंड का पुनर्लेखन करें। [3]

चेनै जाने के लिए मैंने Reservation किया था,लेकिन माँ की बीमारी के कारण Cancellation करना पड़ा। उनको एक Operation था।

(शल्यक्रिया, आरक्षण, रुकावट, रद्दीकरण)

*Q3)* कोष्ठक से घटना चुनकर सही क्रम से खाली स्थान की पूर्ति करें। [2]

- गजाधर बाबु रिटायर होकर घर वापस आया।
- -------------------------
- गज़ाधर बाबु ने खर्च कम करने का सुझाव दिया।
- -------------------------

(चीनी मिल में नौकरी के लिए गया।,
शाम का खाना पकाने की जिम्मेदारी बसंती पर सौंप दिया।)

*P.T.O.*

[SCORE]

*Q4)* डौली की माँ की चरित्रगत विशेषताएँ चुनकर लिखें । [2]

- गरीबों से नफ़रत करनेवाली
- गरीबों के प्रति सहानुभूति रखनेवाली
- धोबी के बच्चों के साथ खेलने से डौली को मना करनेवाली

**सूचना :-** 5 से 7 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें । [2 × 2 = 4]

*Q5)* जीवन में पहली बार इतनी बुरी तरह ठगे गये हैं – बाबूलाल तेली ने ऐसा क्यों सोचा ?

*Q6)* ग्वाले के प्रति महादेवी वर्मा का संदेह विश्वास में कैसे बदल गया ?

*Q7)* कवि ने कारखाने को स्वार्थ का प्रतीक कहा है तो नदी और साबुन किनके प्रतीक हो सकते है ? क्यों ?

**सूचना :-** 8 से 11तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें । [3 × 4 = 12]

*Q8)* डिसेक्शन हॉल के अनुभवों को देवदास ने अपनी डायरी में लिखा । उस दिन की देवदास की डायरी प्रस्तुत करें ।

सहायक संकेत

- डिसेक्शन हॉल की विशेषताएँ
- छात्रों के दलों का बँटवारा
- डॉ. कुमार के व्यक्तित्व का प्रभाव

*Q9)* ग्राहक विज्ञापनों के कारण बाज़ार में ठगे जाते हैं । विज्ञापनों के बुरे असर से बचने का संदेश देते हुए एक पोस्टर तैयार करें ।

*Q10)* हाथियों के झुंड द्वारा घर और खेत बरबाद हो जाते हैं । इस संबंध में गाँव के दो युवकों – राकेश और अमल – के बीच का वार्तालाप कल्पना करके लिखें ।

*Q11)* संकेतों की सहायता से फारसी पत्रकार द्वारा मित्र के नाम लिखनेवाला पत्र तैयार करें ।

- गामा से मिलन
- शिष्य के साथ लड़ने का निवेदन
- भारतीय गुरु–शिष्य संबंध का महत्व

[SCORE]

**सूचना :-** कवितांश पढ़कर 12 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

तरूण !
तुम्हारी शक्ति अतुल है
जहाँ कर्म में वह बदली है
वहाँ राष्ट्र का नया रूप
सम्मुख आया है

(तरुण–युवा, अतुल–असीम, सम्मुख–सामने)

*Q12)* कविता किसको संबोधित करती है ? [1]

(बच्चों को, युवकों को, बूढ़ों को)

*Q13)* कवितांश के लिए उचित शीर्षक लिखें । [1]

*Q14)* कवितांश का आशय लिखें । [3]

**सूचना :-** संशोधन करके खंड का पुनर्लेखन करें ।

*Q15)* सुधा <u>की</u> बेटा श्रीचंद <u>मेरे</u> गाड़ी में स्कूल आया <u>करती है</u> । आज वह नहीं <u>आई</u> । [2]

**सूचना :-** उचित विशेषण चुनकर खंड का पुनर्लेखन करें ।

*Q16)* वह ------- आदमी अपनी ------ बहन के साथ उस ------- मकान में रहता है । उसके साथ ---------- माँ भी है । [2]

(बूढ़ी, छोटी, लंबा, टूटे–फूटे)

**सूचना :-** उचित योजक से वाक्यों को मिलाएँ ।
(इसलिए, फिर भी)

*Q17)* आज स्कूल बस नहीं मिला । स्कूल में देर से पहुँचा । [1]

[SCORE]

**सूचना :-** खंड पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

सवाल बहुत गंभीर है । एक पेड़ का क्या मूल्य है ? एक व्यापारी देखेगा कि उसकी लकड़ी कितनी बड़ी है । एक किसान देखता है कि पेड़ कितना फल देता है । एक बच्चा सोचेगा कि धूप में पेड़ की छाया कितनी अच्छी है । कहा जाता है कि पेड़ वायु को शुद्ध बनाता है ।

*Q18* 'उसकी' में प्रयुक्त सर्वनाम कौन–सा है ? [1]
(वह, यह, वे, ये)

*Q19)* 'बच्चा सोचेगा' में 'बच्चा' शब्द ------- [1]
(क्रिया है, संज्ञा है, विशेषण है, सर्वनाम है)

*Q20)* व्यापारी पेड़ का मूल्य किस प्रकार निर्णय करता है ? [1]

*Q21)* पेड़ से हमें क्या–क्या प्रयोजन हैं ? [2]

⌘⌘⌘